भारत का राजदूतावास
पारामारिबो
Embassy of India
Paramaribo

12वां विश्व हिंदी सम्मेलन

विदेश मंत्रालय द्वारा फिजी सरकार के सहयोग से 15 से 17 फरवरी 2023 तक फिजी में 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सम्मेलन के साथ-साथ शानदार सांस्कृतिक आयोजनों की भी व्यवस्था की जाएगी। 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन को फिजी में आयोजित करने का निर्णय मॉरीशस में आयोजित 11वें विश्व हिंदी सम्मेलन में लिया गया था।

06-09 जून, 2003 तक सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन पारामारिबो, सूरीनाम में किया गया था। फिजी, सूरीनाम की ही तरह एक गिरमिटिया देश है और गिरमिटिया देशों की सांझी सांस्कृतिक विरासत और सांझी ऐतिहासिक संवेदनाएं हैं। ऐसे में सूरीनाम औ फिजी के बीच भाषा और संस्कृति के इस संबंध को मजबूत करने की दिशा में यह सम्मेलन महत्वपूर्ण होगा।

सम्मेलन का आयोजन स्थल दोनारू इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर (डीआईसीसी), सूवा है। सम्मेलन स्थल पर हिंदी भाषा के विकास से संबंधित कई प्रदर्शनियाँ लगाई जाएंगी। सम्मेलन के दौरान शाम को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। दैनिक सम्मेलन-समाचार पत्र (सम्मेलन-समाचार), सम्मेलन-स्मारिका और शैक्षिक सत्रों में हुई चर्चाओं और सुझावों के आधार पर एक सम्मेलन रिपोर्ट भी प्रकाशित की जाएगी। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा "गगनांचल" का विशेष अंक निकाला जाएगा, जो सम्मेलन को समर्पित होगा। परंपरा के अनुरूप सम्मेलन के दौरान भारत एवं अन्य देशों के हिंदी विद्वानों को हिंदी के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए "विश्व हिंदी सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा।

सूरीनाम के सभी हिंदी प्रेमियों, लेखकों और कवियों से अनुरोध है कि फिजी में होने वाले 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लें और सरनामी हिंदी व फिजी हिंदी दोनों के विकास और प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दें। विश्व हिंदी सम्मेलन के बारे में आवास, यात्रा/स्थानीय परिवहन, वीज़ा परामर्शी, सूचना पुस्तिका आदि सम्मेलन से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक देखें :-

https://vishwahindisammelan.gov.in/world_hindi_conference_en

****

Dr. Sophie Redmondstraat No. 239, PO Box No. 1329, Paramaribo, Suriname
Phone: 00-597-498344, Fax: 00-597-491106 E-mail: hoc.paramaribo@mea.gov.in / admn.paramaribo@mea.gov.in
Website: indembassysuriname.gov.in